## ओलंपियाड विजेताओं को मिलेंगे
आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र

RNTU Rabindranath TAGORE UNIVERSITY MADHYA PRADESH, BHOPAL

TAGORE INTERNATIONAL LITERATURE & ARTS FESTIVAL विश्व रंग भारतीय संस्कृति, वैश्विक मंच!

वनमाली सृजन पीठ साहित्य, संस्कृति एवं सृजन के लिये • भोपाल • खंडवा • बिलासपुर • दिल्ली • हजारीबाग • वैशाली • लखनऊ

# विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025

14 से 30 सितंबर, 2025

- पुरस्कार राशि ₹1 करोड़ से अधिक।
- ओलंपियाड में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे।
- विश्व रंग 2025 के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया
- जाएगा। भारत के प्रत्येक राज्य के विजेताओं एवं विदेशों में प्रत्येक
- देश के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। संस्था स्तर पर भी अलग-अलग स्तरों पर पुरस्कार दिए जाएँगे।



पद्मश्री श्री तोमिओ मिज़ोकामि, जापान एवं प्रो. वेद प्रकाश सिंह, हिंदी प्राध्यापक, ओसाका विश्वविद्यालय तथा प्रोफेसर हिस्साओ मात्सु किजोनो द्वारा पोस्टर का लोकार्पण

## संपर्क करें

विश्वरंग फाउंडेशन, रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, बंगरसिया चौराहे के पास, भोपाल-चिकलोद रोड जिला-रायसेन म.प्र.

**भारत में ओलंपियाड हेतु संपर्क करें**

श्री राजेश शुक्ला 0755-2434711, +91 9111411555
श्री राजेश पंडा 0755-2432812, +91 9826352299

**अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड हेतु संपर्क करें**

डॉ. जवाहर कर्नावट +91 7506378525
श्री संजय सिंह राठौर +91 9425675811
श्री दिनेश लोहानी +91 9826952128

ई-मेल: vishwarang.sachivalaya@rntu.ac.in

**हिंदी सीखना और सिखाना है, विश्व में हिंदी की पहचान बनाना है।**

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY Chhattisgarh | Madhya Pradesh | Bihar AN AISECT GROUP UNIVERSITY | AISECT UNIVERSITY JHARKHAND, HAZARIBAG AN AISECT GROUP UNIVERSITY | SCOPE GLOBAL SKILLS UNIVERSITY CENTRAL INDIA'S 1st SKILLS UNIVERSITY



## 50 से अधिक देशों में

14 से 30 सितंबर 2025 के बीच आयोजन

**₹1 करोड़** से अधिक के आकर्षक पुरस्कार

रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (भारत), विश्व रंग फाउंडेशन (भारत) एवं वनमाली सृजनपीठ का संयुक्त आयोजन

सहयोग : टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिन्दी केन्द्र (भारत) तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1000 से अधिक सहयोगी संस्थाएँ

विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड की विस्तृत जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट पर लॉग ऑन करें

www.vishwarang.com

Follow us on

# विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय
# हिंदी ओलंपियाड 2025



लिस्बन विश्वविद्यालय, पुर्तगाल में हिंदी ओलंपियाड-2025 का पोस्टर लोकार्पित करते हुए माननीय भारतीय राजदूत, श्री पुनीत रॉय कुण्डल, भारतीय अध्ययन केंद्र, पुर्तगाल के अध्यक्ष प्रो. शिव कुमार सिंह एवं अन्य।

## विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025

आज हिंदी न केवल भारत की, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा के रूप में उभर रही है। हिंदी ओलंपियाड हिंदी भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने का एक अनूठा प्रयास है। हिंदी ओलंपियाड न केवल हिंदी भाषा के विस्तार में सहायक होगा बल्कि एक सशक्त संचार का माध्यम भी बनेगा । इस आयोजन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हिंदी को लोकप्रिय बनाना, नई पीढ़ी को इससे जोड़ना और भाषा के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना है । इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को हिंदी भाषा के ज्ञान, साहित्यिक दक्षता और सांस्कृतिक समझ को परखने और निखारने का अवसर मिलेगा।

## अपेक्षित परिणाम

- हिंदी को एक व्यावहारिक और रोजगारपरक भाषा के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- विभिन्न देशों में हिंदी सीखने और सिखाने की प्रक्रिया को बल मिलेगा।
- हिंदी भाषा के प्रति जागरुकता और प्रेम को बढ़ावा मिलेगा।
- हिंदी के वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने में सहायता मिलेगी।



माननीय श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ द्वारा पोस्टर का लोकार्पण

## विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का स्वरूप

'विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड - 2025' का आयोजन 14 सितंबर 2025 (हिंदी दिवस) से 30 सितंबर 2025 तक भारत सहित विश्व के 50 से अधिक देशों में आयोजित किया जायेगा।

भारत में यह कक्षावार (कक्षा-1 से 12) के साथ ही स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर ऑफलाइन/ऑनलाइन मोड में किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह छह स्तरों पर ऑनलाइन पद्धति से आयोजित किया जाएगा। ओलंपियाड निम्नलिखित स्तरों पर होंगे-

## ओलंपियाड की श्रेणियाँ

| | |
|---|---|
| प्रथम स्तर | : कक्षा 1 से 2 तक |
| द्वितीय स्तर | : कक्षा 3 से 5 तक |
| तृतीय स्तर | : कक्षा 6 से 8 तक |
| चतुर्थ स्तर | : कक्षा 9 से 12 तक |
| पंचम स्तर | : स्नातक स्तर तक |
| षष्ठम स्तर | : स्नातकोत्तर स्तर तक |



रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे एवं गणमान्य पदाधिकारियों द्वारा पोस्टर का लोकार्पण

## महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं पंजीकरण

- **हिंदी ओलंपियाड का पोस्टर का लोकार्पण :**
  21 फरवरी 2025 (अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस): भारत सहित विश्व के अनेक देशों में 2000 से अधिक स्थानों में हिंदी ओलंपियाड का पोस्टर जारी किया जा चुका है।
- **केंद्रों/संस्थाओं का पंजीकरण :**
  15 अप्रैल 2025 से केंद्रों / स्कूल / संस्थाओं का पंजीकरण प्रारंभ।
  पंजीकरण हेतु लिंक www.vishwarang.com/hindi-olympiad
- **विद्यार्थियों का पंजीयनः**
  1 जून से विद्यार्थियों का पंजीयन किया जायेगा।
- **ओलंपियाड का आयोजनः**
  14 से 30 सितंबर 2025 के मध्य
- **भागीदारीः**
  संपूर्ण विश्व के प्रतिभागियों के लिए।
- **माध्यमः**
  भारत में ऑफलाइन / ऑनलाइन, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन
- **पंजीयन शुल्कः**
  भारतः ₹200 रुपये प्रति प्रतिभागी।
  अंतरराष्ट्रीयः $10 प्रति प्रतिभागी।

**नोटः** ओलंपियाड में भाग लेने वाली संस्थाओं का पंजीकरण निःशुल्क है।

## विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड (रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय)

रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल 2010 में स्थापित देश का पहला कौशल संवर्धन विश्वविद्यालय है। यह विश्वविद्यालय देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान आईसेक्ट समूह का दूसरा सबसे प्रतिष्ठित उपक्रम है।

शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी होने के अलावा विश्वविद्यालय ने कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में जागरुकता, अध्ययन और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अनेक प्रयास किए हैं। विश्वविद्यालय भारत के प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी श्री संतोष चौबे द्वारा परिकल्पित है। साहित्य, कला और संस्कृति को निरंतर नये कीर्तिमान तक पहुँच बनाने हेतु विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। इसी के तहत विश्वविद्यालय ने साहित्य एवं कला केंद्रों की स्थापना की है। कला, साहित्य और संस्कृति को समर्पित "विश्व रंग" का आयोजन वृहद पैमाने पर प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसमें विश्व भर से कलामनीषी, ख्यातिलब्ध संगीतज्ञ, साहित्यकार शिरकत करते हैं।

वर्ष 2024 में मॉरीशस में आयोजित "विश्व रंग" में हिंदी को वैश्विक स्तर पर सुगम एवं लोकप्रिय बनाने की दिशा में विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड की परिकल्पना की गई।



विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरीशस की महासचिव डॉ. माधुरी रामधारी, प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी, निदेशक केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. जवाहर कर्नावट एवं अन्य अतिथियों द्वारा पोस्टर का लोकार्पण